/font>

13.00 hrs.

Title: Need to lay gas pipeline in Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा एक छोटा सा निवेदन है। हिन्दुस्तान के बड़े-बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता में गैस की पाइपलाइन बिछा दी गई है। जयपुर के पास से यह पाइपलाइन निकलती है। जयपुर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है, वहां पर गैस पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। मेरा निवेदन है कि वहां भी गैस की पाइपलाइन बिछाई जाए, जिससे लोगों को गैस कनेक्शन के लिए जगह-जगह न जाना पड़े और उनके घरों में ही गैस उपलब्ध हो सके। तेल एवम् प्राकृतिक गैस मंत्रालय को पाबंद करें कि जयपुर क्षेत्र में भी गैस पाइपलाइन डाली जाए, जिससे वहां के लोगों की गैस की जो समस्या है, वह समाप्त हो सके।